प्रादेशिक समाचार
दिनांक–24.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)
मुख्य समाचार

- केंद्रीय बजट में झारखंड के जनजातीय गांवों को मिली सौगात, जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान योजना से प्रदेश के 10 हजार आदिवासी बहुल गांवों को होगा फायदा।
- केंद्र सरकार ने केंद्रीय करों में झारखंड की हिस्सेदारी चार हजार सात सौ बीस करोड़ बढ़ाई, चालू वित्तीय वर्ष के लिए हिस्सेदारी बढ़कर 41 हजार 245 करोड़ 28 लाख रुपये हुई।
- रेल बजट में रांची लोहरदगा टोरी लाइन के विस्तार के लिए नौ करोड़ पचास लाख रुपये आवंटित।
- राजधानी रांची में पिछले 24 घंटों में 66 मिलीमीटर बारिश दर्ज, किसानों ने शुरू की धनरोपणी की तैयारी।

********************

केंद्रीय बजट में झारखंड को भी कई सौगात मिली है। जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान योजना से राज्य के करीब 32 जनजातीय समूह वाले आदिवासी बहुल करीब 10 हजार गांवों को इसका फायदा मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत आकांक्षी जिलों और जनजातीय बहुल गांवों में आदिवासी परिवारों के पूर्ण कवरेज के लिए कदम उठाए जाएंगे। राज्य में 12 हजार दो सौ सतहत्तर बहुल गांव हैं। यहां 19 आकांक्षी जिले हैं।

********************

केंद्र सरकार ने केंद्रीय करों में झारखंड की हिस्सेदारी बढ़ाकर चार हजार सात सौ बीस करोड़ बढा दी है। पिछले साल यह बजट 36 हजार पांच सौ 25 करोड़ 60 लाख थी। जो चालू वित्तीय वर्ष में बढ़कर 41 हजार दो सौ 45 करोड़ 28 लाख हो गई है। केंद्र सरकार की ओर से यह हिस्सेदारी कॉरपोरेशन टैक्स, इनकम टैक्स, वेल्थ टैक्स समेत अन्य करों के तहत राज्य को दी है।

********************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किसानों को भी कई सौगात दी है। जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से कृषि क्षेत्र में होने वाले परिवर्तन के लिये अनुसंधान व शोध के लिये सरकार ने बजट में प्रावधान किया है। साथ ही जलवायु के अनुसार कृषि क्षेत्र के लिये 32 और बागवानी फसलों की अधिक उपज वाली देने वाली नई 109 किस्में किसानों को देने की बात कही है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने केंद्रीय करों में बढ़ी हिस्सेदारी पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि किस हिसाब से वो 41 हजार करोड़ दे रहे हैं और बदले में इस राज्य कितना ले रहे हैं वो उन्होंने स्पष्ट नहीं किया है––

********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने वाला बजट है। इधर बजट की सराहना करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और खूंटी के पूर्व सांसद अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ युवा, गरीब, महिला और किसान सभी के सशक्तीकरण के लिए समर्पित है। इधर विपक्ष ने इसे निराशाजनक बजट बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट देश की जनता की आशाओं पर वज्रपात और झारखंड के लिए शून्य बजट का फोकस जनता नहीं, बल्कि सत्ता है और यह इस देश की विडंबना है।

********************

शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नीट मुद्दे पर सर्वोच्च् न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है और कहा है कि अंत में सत्य सामने आया है, मोदी सरकार पारदर्शी, हेराफेरी मुक्त और शून्य् त्रुटि वाली परीक्षा प्रणाली के प्रति वचनबद्ध है। शिक्षा मंत्री ने इस मुद्दे पर कांग्रेस के रवैये की निंदा की और आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी भारतीय शिक्षा प्रणाली पर संदेह जताकर देश के लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

केंद्रीय रेल बजट में इस वर्ष राज्य में चल रही पुरानी रेल परियोजनाओं को राशि आवंटित की गयी है। इसके तहत रांची लोहरदगा टोरी तक एक सौ 13 किलोमीटर लाइन के विस्तार के लिए नौ करोड़ 50 लाख रूपये आवंटित किए गये हैं। इसके साथ ही लोदमा– पिस्का वाई कनेक्शन से हटिया लिंक के लिए एक सौ 40 करोड़ रूपये दिए गये हैं।

********************

गिरिडीह जिले में डीसी ने महिलाओं से मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलंबन योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

********************

झारखंड के कई हिस्सों में मॉनसून सक्रिय है। ओडिशा तट पर बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर झारखंड के कुछ राज्यों में है। राजधानी में पिछले 24 घंटे में करीब 66 मिमी के आसपास बारिश हुई. मौसम केंद्र ने पूर्वानुमान किया है कि आज भी राजधानी और आसपास में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है.। अब किसान धनरोपनी की तैयारी शुरू कर सकते हैं. कृषि वैज्ञानिकों ने भी किसानों से धान का खेत तैयार करने का आग्रह किया है. वहीं, सब्जियों के खेतों से पानी निकालने की सलाह दी है.

********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केन्द्रीय बजट को अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर की हेडलाइन है– कार में राहत, युवाओ को रोजगार अबकी बार बिहार में बहार।

हिन्दुस्तान ने लिखा है–झारखंड को उन्नत ग्राम योजना का मिलेगा लाभ, प्रदेश के आदिवासी बहुल दस हजार गांव अब होंगे उन्नत।

दैनिक जागरण ने मोदी के हवाले से लिखा है कि विकास को नई उंचाई, समाज के हर वर्ग को शक्ति देगा बजट।

दैनिक भास्कर ने पहले पन्ने पर लिखा है – मोदी कार्यकाल के 10 साल में पहली बार कई घोषनाएं, मिडिल क्लास को नई टैक्स प्रणाली में 18 हजार 200 रुपये तक राहत।

वहीं अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने बजट की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित की है।

********************